https://printo.it/pediatric-rheumatology/IN_HI/intro

# सी आर एम ओ

के संस्करण 2016

## 3 दैनिक जीवन

### 3.1 इस बीमारी से बच्चे एवं माता-पिता का दैनिक जीवन कैसे प्रभावित होता है?

बीमारी का पता चलने से पहले कई महीनों तक बच्चे को हड्डियों एवं जोड़ों का दर्द सहना पड़ता है। बीमारी का पता चल जाने के बाद भी कई बार जाँच के लिए अस्पताल जाते रहना पड़ता है।

### 3.2 स्कूल का क्या होगा ? खेल कूद के बारे में क्या राय है ?

बायोप्सी के तुरंत बाद या आर्थराइटिस की शिकायत होने पर खेलने कूदने पर कुछ रोक टीक हो सकती है। किन्तु आम तौर पर खेल कूद जारी रखा जा सकता है।

### 3.3 क्या खान-पान पर कोई पाबंदी है?

नहीं, ऐसा कुछ भी नहीं है ।

### 3.4 मौसम के कारण क्या रोग पर कोई प्रभाव पड़ता है?

नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं है ।

### 3.5 क्या बच्चे को टीके लगाए जा सकते हैं?

जी हाँ बच्चे को टीके लगाए जा सकते हैं किंतु जब उनका इलाज कॉर्टिकोस्टेराइड्स, मीथोट्रेक्सेट या टीएनएफ-2 इनहिबिटरस से किया जा रहा हो तो उन्हें जीवित तनु टीके नहीं दिए जा सकते हैं।

### 3.6 यौन जीवन, गर्भ-धारण और परिवार नियोजन के बारे में क्या किया जा सकता है ?

सी एन ओ के मरीज़ों में जनन क्षमता की कोई कमी नहीं होती है। क्षेणित हड्डियों में तकलीफ होने पर यौन जीवन में कठिनाई हो सकती है। गर्भ धारण के दौरान या पूर्व इलाज का पुनः मूल्यांकन किया जाना जरूरी है ।